सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 360
12/04/2026

राज्यपाल ने सिनियर सिटीजन मैराथन–2026 'रफ्तार–ए–सुकून' का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

पटना, 12 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने 'माई पीएचसी फाउंडेशन' एवं 'मायानगरी' संगठनों द्वारा आयोजित सिनियर सिटीजन मैराथन–2026 'रफ्तार–ए–सुकून' का संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वे प्रतिभागियों के साथ 2 किमी पैदल भी चले।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को सामाजिक अभियान का रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए इसके उपयोग से बचने का आह्वान किया। साथ ही, 'टी०बी० मुक्त भारत अभियान' के तहत बिहार को इस बीमारी से मुक्त बनाने में सहभागी बनने की अपील की।

राज्यपाल ने सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहने पर बल देते हुए कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, इसलिए हमारा दायित्व है कि हम उसकी सेवा कर उसे लौटाएँ। उन्होंने लोगों को स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें ऐसा जीवन जीना चाहिए जिससे हम किसी पर बोझ नहीं बनें।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, माई पीएचसी फाऊण्डेशन के संस्थापक एवं निदेशक डॉ० (मेजर) जितेन्द्र कुमार सिंह, 'मायानगरी' की संस्थापक एवं मुख्य प्रबंध निदेशक श्रीमती माया सिंह जी, वरिष्ठ नागरिकजन तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....